Name : ..............................................................................................................

Roll No. : ..............................................

कुल प्रश्नों की संख्या : 17 ]
Total No. of Questions : 17 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

# K-202430–C

## विषय : पशुपालन, दुग्ध प्रौद्योगिकी, मत्स्य एवं कुक्कुट पालन के तत्व

## Subject : Elements of Animal Husbandry, Dairy Technology, Fisheries and Poultry Farming

समय : **3 घण्टे** ]
Time : **3 hours** ]

[ पूर्णांक : 75
[ Maximum Marks : 75

***नोट*** **: सभी प्रश्नों को हल कीजिए।**
***Note*** **: Attempt all questions.**

***निर्देश*** : (अ) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं—खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स)। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा खण्ड (स) में सही संबंध जोड़िए वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

***Instruction*** : (A) Question No. **1** is an objective type question. It contains three parts–Part (A), Part (B) and Part (C). In Part (A) Multiple choice questions, in Part (B) Fill in the blanks and in Part (C) Match the columns are given. Each part has 5 questions and each question carries 1 mark.

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

**(Part-A)** Choose and write the correct option :

(*i*) फलीदार चारें में अधिक मात्रा होती है :

(*अ*) प्रोटीन व खनिज का (*ब*) नाइट्रोजन का

(*स*) पोटेशियम का (*द*) कैल्सियम का

Leguminous fodder is high quantity of :

(*a*) protein and minerals (*b*) nitrogen

(*c*) potassium (*d*) calcium

(*ii*) गर्बर विधि से वसा परीक्षण में सल्फ्यूरिक अम्ल लिया जाता है :

(*अ*) 1 सी.सी. (*ब*) 11 सी.सी.

(*स*) 10 सी.सी. (*द*) 9 सी.सी.

Quantity of sulphuric acid taken in Gerber method of fat test is :

(*a*) 1 c.c. (*b*) 11 c.c.

(*c*) 10 c.c. (*d*) 9 c.c.

(*iii*) दुग्ध चूर्ण एक उत्पाद है :

(*अ*) सुखाया हुआ (*ब*) किण्वित

(*स*) हिमीकृत (*द*) इनमें से कोई नहीं

Milk powder is a product :

(*a*) dried (*b*) fermented

(*c*) frozen (*d*) None of these

(*iv*) सबसे कम वसा पाया जाता है :

(*अ*) घी में (*ब*) क्रीम में

(*स*) मक्खन में (*द*) संघनित दूध में

Minimum fat is found in :

(*a*) ghee (*b*) cream

(*c*) butter (*d*) condensed milk

(*v*) मुर्गीशाला का तापक्रम औसतन होना चाहिए :

(अ) 100-107 °F (ब) 10-20 °F

(स) 50-85 °F (द) 80-100 °F

Poultry house should have an average temperature :

(*a*) 100-107 °F (*b*) 10-20 °F

(*c*) 50-85 °F (*d*) 80-100 °F

प्रश्न-1 (खण्ड-ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

**(Part-B)** Fill in the blanks :

(*i*) क्रीम पृथक्करण यंत्र ____ के सिद्धान्त पर कार्य करता है।

Cream separator machine works on the principle of ____.

(*ii*) पतली क्रीम में वसा प्रतिशत ____ होता है।

The fat percentage in light cream is ____.

(*iii*) कतला मछली का वजन एक वर्ष में लगभग ____ किग्रा. हो जाता है।

The weight of Catla fish is become approximately ____ kg in one year.

(*iv*) मुर्गी के अण्डे का औसत भार ____ ग्राम होता है।

The average weight of chicken egg is ____ gm.

(*v*) मुर्गी ____ माह में अण्डे देना प्रारम्भ कर देती है।

Hen begins to give eggs in ____ months.

प्रश्न-1 (खण्ड-स) सही संबंध जोड़िए : [1×5=5]

| (अ) | | (ब) |
|---|---|---|
| (*i*) घी में वसा की मात्रा | - | (अ) 1-3.5% |
| (*ii*) कुल्फी में जल की मात्रा | - | (ब) 99.5% |
| (*iii*) वसा में घुलनशील | - | (स) विटामिन C |
| (*iv*) मछली में खनिज पदार्थ | - | (द) 40-70% |
| (*v*) जल में घुलनशील | - | (इ) विटामिन D |

**(Part-C)** Match the columns :

| | (A) | | (B) |
|---|---|---|---|
| (*i*) | Quantity of fat in Ghee | – | (*a*) 1-3.5% |
| (*ii*) | Quantity of water in Kulfi | – | (*b*) 99.5% |
| (*iii*) | Fat soluble | – | (*c*) Vitamin C |
| (*iv*) | Quantity of minerals in fish | – | (*d*) 40-70% |
| (*v*) | Water soluble | – | (*e*) Vitamin D |

*निर्देश* : (ब) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *30* शब्द है)

***Instruction*** : (B) Question Nos. **2** to **7** are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word-limit of answer is *30* words)

**प्रश्न-2** सन्तुलित आहार की परिभाषा लिखिए। [2]

Write the definition of balanced diet.

**प्रश्न-3** कृन्तक दन्त से क्या तात्पर्य है ? [2]

What is meant by incisor teeth ?

**प्रश्न-4** ब्यूटायरोमीटर द्वारा वसा का प्रतिशत ज्ञात करने में उपयोग होने वाले कोई दो उपकरणों के नाम लिखिए। [1+1=2]

Write the names of any two equipments used by the Butyrometer to find the percentage of fat.

**प्रश्न-5** मत्स्य पालन के लिए कोई दो देशी कार्प मछलियों के नाम लिखिए। [1+1=2]

Write the names of any two native carp fishes for fisheries.

**प्रश्न-6** कैण्डलिंग क्या है ? [2]

What is candling ?

**प्रश्न-7** मुर्गियों को कंकरी (ग्रिट) क्यों खिलाया जाता है ? [2]

Why are poultries feeded with grit ?

निर्देश : (स) प्रश्न क्रमांक 8 से 12 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा 75 शब्द है)

***Instruction*** : (C) Question Nos. **8** to **12** are short answer type questions. Each question carries 4 marks. (Maximum word-limit of answer is *75* words)

प्रश्न-8 गाय की निम्न नस्लों की कोई चार शारीरिक विशेषताएँ लिखिए : [2+2=4]

(*अ*) गिर (*ब*) सिन्धी

Write any four body characteristics of the following breeds of cow :

(*a*) Gir (*b*) Sindhi

***अथवा***

***OR***

400 किग्रा. वजन वाली एक गाय, जो प्रति दिन 6 लीटर दूध देती है, के लिए एक दिन का शुष्क पदार्थ तथा दाने की मात्रा ज्ञात कीजिए।

A cow, 400 kg body weight produces 6 litres milk per day. Find the quantity of dry matter and concentrate for a day.

प्रश्न-9 सूखी घास (hay) बनाने में आवश्यक पोषक तत्वों का ह्रास कैसे होता है (कोई *चार*) ? [1×4=4]

How does loss of essential nutrients happen in making hay (any ***four***)?

***अथवा***

***OR***

पशु चिकित्सा में उपयोगी निम्न उपकरणों के कार्य लिखिए :

(*अ*) थर्मामीटर (*ब*) बर्डिजो कास्ट्रेटर

(*स*) ट्रेकर तथा कैनुला (*द*) प्रोब

Write the functions of the following instruments useful in veterinary treatment :

(*a*) Thermometer (*b*) Burdizzo castrator

(*c*) Trocar and cannula (*d*) Probe

प्रश्न-10 मुर्गियों के खाद्य पदार्थ के चुनाव को प्रभावित करने वाले कारक लिखिए (कोई *आठ*)। [½×8=4]

Write factors affecting selection of poultry feeds (any ***eight***).

***अथवा***

***OR***

मुर्गियों को रोग से बचाने के लिए सामान्य उपायों को लिखिए (कोई *आठ*)।

Write general measures to save poultries from disease (any ***eight***).

प्रश्न-11 मक्खन से घी बनाने की विधि लिखिए। [4]

Write the method of preparation of Ghee from butter.

***अथवा***

***OR***

वायुमण्डलीय बेलन शुष्कन विधि के द्वारा दुग्ध चूर्ण बनाने की विधि लिखिए।

Write the method of preparation of milk powder by atmospheric roller drying method.

प्रश्न-12 ब्रूडर क्या है ? अच्छे ब्रूडर की छः विशेषताएँ लिखिए। [1+(½×6)=4]

What is Brooder ? Write six characteristics of a good brooder.

***अथवा***

***OR***

सफेद दस्त (पुलोरम रोग) के कारण और छः लक्षण लिखिए।

Write cause and six symptoms of white diarrhoea (Pullorum disease).

*निर्देश* : (द) प्रश्न क्रमांक 13 एवं 14 लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *150* शब्द है)

***Instruction*** : (D) Question Nos. **13** and **14** are short answer type questions. Each question carries 5 marks. (Maximum word-limit of answer is *150* words)

प्रश्न-13 मुर्गी घरों की सामान्य विशेषताएँ लिखिए (कोई *पाँच*)। [1×5=5]

Write the general qualities of poultry houses (any ***five***).

***अथवा***

***OR***

पिंजरा प्रणाली के दोष लिखिए (कोई *पाँच*)।

Write the disadvantages of cage system (any ***five***).

प्रश्न-14 सींग रोधन की कोई पाँच बिधियों को संक्षेप में लिखिए। [1×5=5]

Write in brief any five methods of dehorning of animals.

***अथवा***

***OR***

पशुओं को बधिया करने की किन्हीं पाँच विधियों को संक्षेप में लिखिए।

Write in brief any five methods of castration of animals.

*निर्देश* : (इ) प्रश्न क्रमांक 15 से 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *250* शब्द है)

***Instruction*** : (E) Question Nos. **15** to **17** are long answer type questions. Each question carries 6 marks. (Maximum word-limit of answer is *250* words)

प्रश्न-15 घी बनाते समय कौन-कौन सी बातों पर ध्यान देना चाहिए? किन्हीं छः बातों को लिखिए। [1×6=6]

What things should be noted at the time of Ghee preparation ? Write any six things.

***अथवा***

***OR***

आइसक्रीम के गुणों को प्रभावित करने वाले किन्हीं छः कारकों का उल्लेख कीजिए।

Mention any six factors affecting the quality of Ice-cream.

प्रश्न-16 मछलियों के नुकसानदायक कीटों के उन्मूलन तथा नियंत्रण की किन्हीं तीन विधियों का वर्णन कीजिए। [2×3=6]

Describe any three methods of eradication and control of harmful insects in fishes.

***अथवा***

***OR***

मछलियों के संरक्षण की किन्हीं तीन उपायों का वर्णन कीजिए।

Describe any three measures of protection of fishes.

प्रश्न-17 क्रीम सेपरेटर की कार्य-विधि एवं किन्हीं दो सावधानियों को लिखिए। [4+2=6]

Write the procedure and any two precautions of cream separator.

***अथवा***

***OR***

दुग्ध-मापी (लैक्टोमीटर) द्वारा दूध का आपेक्षिक घनत्व ज्ञात करने की विधि एवं किन्हीं दो सावधानियों को लिखिए।

Write the method of finding the relative density of milk by lactometer and any two precautions.

..........

M-68